राजस्थान सरकार
गृह (ग्रुप–1) विभाग

क्रमांक–प. 5(4)गृह–1/2023 (16383)　　　　जयपुर, दिनांक : हस्ताक्षरित दिनांक

आदेश

राजस्थान पुलिस सेवा की कनिष्ठ वेतन श्रृखला की वर्ष 2023–24 की नियमिति विभागीय पदोन्नति समिति की बैठक के समय श्री अनिष अहमद पुत्र श्री बाबू खान, पुलिस निरीक्षक के विरूद्व उप महानिरीक्षक पुलिस, कोटा रेंज कोटा के आदेश क्रमांक 647–51 दिनांक 11.06.2020 द्वारा परिनिन्दा का दण्ड प्रभावी होने के कारण मा0 राजस्थान उच्च न्यायालय, जयपुर में दायर एसबी सिविल रिट याचिका संख्या 18279/2022 की पालना स्वरूप पदोन्नति की अभिशंषा सील्ड कवर में रखी गई है।

उक्त परिनिन्दा के दण्डादेश दिनांक 11.06.2020 को महानिदेशक पुलिस, राजस्थान, जयपुर के आदेश क्रमांक 5091 दिनांक 29.10.2021 द्वारा अपास्त किया जा चुका है।

अतः राजस्थान पुलिस सेवा की कनिष्ठ वेतन श्रृंखला की वर्ष 2023–24 की दिनांक 24.01.2024 को आयोजित विभागीय पदोन्नति समिति की अभिशंषा के बन्द लिफाफे को खोला गया।

विभागीय पदोन्नति समिति की अभिशंषा के अनुसार श्री अनिष अहमद पुत्र श्री बाबू खान (सामान्य) को राजस्थान पुलिस सेवा की कनिष्ठ वेतन श्रृंखला के पद पर वर्ष 2023–24 में दिनांक 01.04.2023 की रिक्ति के प्रति एतद्द्वारा पदोन्नत किया जाता है। श्री अनिष अहमद पुत्र श्री बाबू खान की वरिष्ठता श्री महिपाल सिंह सिसोदिया/दीप सिंह, (सामान्य) के ऊपर निर्धारित की जाती है।

यह पदोन्नति माननीय न्यायालयों में लम्बित समस्त प्रकरणों के अन्तिम निर्णय के अध्यधीन है। श्री अनिष अहमद पुत्र श्री बाबू खान अग्रिम आदेशों तक अपने वर्तमान पद पर यथावत कार्य करते रहेंगे तथा श्री अहमद को रिक्ति दिनांक 01.04.2023 से कार्यग्रहण की दिनांक तक नोशनल आधार पर एवं कार्यग्रहण तिथि से वास्तविक रूप से वेतन लाभ देय होगा।

राज्यपाल की आज्ञा से,

(कश्मी कौर)
संयुक्त शासन सचिव, पुलिस

प्रतिलिपि :–निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है :–

1. अतिरिक्त मुख्य सचिव, मा0 मुख्यमंत्री महोदय, राजस्थान, जयुपर।
2. निजी सचिव, अतिरिक्त मुख्य सचिव/शासन सचिव, गृह।
3. महानिदेशक पुलिस, राजस्थान, जयपुर।
4. वरिष्ठ शासन उप सचिव, गृह (ग्रुप–6) विभाग को वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु।
5. संबंधित अधिकारी मार्फत महानिदेशक पुलिस, राजस्थान, जयपुर।
6. रक्षित पत्रावली।

संयुक्त शासन सचिव, पुलिस

RajKaj Ref
8708580

संयुक्त शासन सचिव, गृह (पुलिस) विभाग, 1112 प्रथम तल, मुख्य भवन, शासन सचिवालय, जयपुर।
0141-2227294, IP 2820457/Ext.-22325, 22324 Email : home.police@rajasthan.gov.in

D:/JHALA 2022/ACP/Latter

Signature Not Verified
Digitally Signed by Kashmi Kaur Raan
Designation : Joint Secretary To Government
Date :05-07-2024 05:43:41